काहिरा में आयोजित अन्तरराष्ट्रीय जन-संख्या सम्मेलन

102. **श्री शंकर दयाल सिंह** : क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने सितम्बर, 1994 में काहिरा में आयोजित अन्तरराष्ट्रीय जनसंख्या सम्मेलन में भाग लिया था ;

(ख) यदि हां, तो उसमें कौन-कौन से लोग शामिल थे ;

(ग) भारतीय प्रतिनिधि मंडल ने यदि वहां कोई दस्तावेज प्रस्तुत किया था, तो उसका ब्यौरा क्या है और

(घ) इस सम्मेलन के संबंध में भारतीय प्रतिनिधिमंडल की प्रतिक्रिया क्या रही ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री बी० शंकरानन्द) : (क) जी, हां।

(ख) भारतीय सरकारी प्रतिनिधि-मंडल का गठन विवरण **(नीचे देखिए)** में दिया गया है।

(ग) देश की ओर से एक विवरण (कन्ट्री स्टेटमेंट) तैयार कर वितरित किया गया था। इसमें परिवार कल्याण कार्यक्रम के कार्यान्वयन तथा राष्ट्रीय कार्य-योजना के जनांकीकीय पहलू, जन-संख्या नीति, आयोजना तथा कार्यक्रम प्रेमवर्क तथा प्रचालन पक्षों को सम्मिलित किया गया है।

(घ) काफी उपयोगी।

विवरण

अन्तरराष्ट्रीय जनसंख्या सम्मेलन में भाग लेने के लिए भारतीय प्रतिनिधि मंडल का गठन।

1.	श्री बी० शंकरानन्द स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री	नेता
2.	श्री सलमान खुर्शीद विदेश मंत्रालय में राज्य मंत्री	प्रतिनिधि
3.	श्री महेन्द्र प्रसाद संसद सदस्य (राज्य सभा)	प्रतिनिधि
4.	श्री वी. पी. के. शंगलू सचिव, परिवार कल्याण विभाग	प्रतिनिधि
5.	सुश्री अरुन्धती घोष मिश्र में काहिरा स्थित राजदूत	प्रतिनिधि
6.	श्री ए. आर. नन्दा महापंजीयक और भारत के जनगणना आयुक्त	प्रतिनिधि
7.	श्री के. एस. सुगथन संयुक्त सचिव, परिवार कल्याण विभाग	प्रतिनिधि
8.	श्री स्वासभवन सिंह, मिशन में उप मुख्य भारतीय दूतावास, काहिरा	प्रतिनिधि
9.	डा. के. बी. पाठक निदेशक, अन्तर्राष्ट्रीय जनसंख्या विज्ञान संस्थान, बम्बई	प्रतिनिधि